C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:48 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 7:14 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 188 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 18 जनवरी 2025



गेम चेंजर की पायरेटेड कॉपी टीवी...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### पहाड़ से मैदान तक छाए बादल, बारिश के आसार

**देहरादून।** उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में शनिवार को हल्की बारिश की संभावना है। हालांकि, मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार शनिवार को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बारिश से पर्वतीय जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। हालांकि, मैदानी इलाकों में बारिश का कोई खास असर देखने को नहीं मिलेगा।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने शूटिंग कोच सुभाष राणा को द्रोणाचार्य अवॉर्ड से किया सम्मानित

देहरादून

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में नैनबाग क्षेत्र के चिलामू गांव निवासी सुभाष राणा देश में पैरा शूटिंग टीम के कोच रहे हैं। उन्होंने चार अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण और दो रजत पदक जीते हैं।

उत्तराखंड के पैरा शूटिंग कोच सुभाष राणा को द्रोणाचार्य अवॉर्ड से नवाजा गया। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उन्हें अवॉर्ड देकर सम्मानित किया। उन्हें सम्मान मिलने पर प्रदेशभर में खुशी और गर्व की लहर है। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, खेल मंत्री रेखा आर्या व अन्य प्रमुख लोगों ने राणा को बधाई दी है। सीएम धामी ने कहा कि देवभूमि के निवासी और पैरा शूटिंग कोच सुभाष राणा को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाना हम सभी के लिए गौरवपूर्ण क्षण हैं। उन्हें ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। उत्तराखंड में नैनबाग क्षेत्र के चिलामू गांव निवासी सुभाष राणा देश में पैरा शूटिंग टीम के कोच रहे हैं। उन्होंने चार अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण और दो रजत पदक जीते हैं। साल 1994 में इटली और साल 1998 में स्पेन में हुई विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लिया। बतौर कोच टोक्यो पैरालंपिक 2020 में शामिल हुई शूटिंग टीम को उन्होंने प्रशिक्षित किया था। इस टीम ने पैरालंपिक में पांच मेडल जीते।



*देवभूमि के सपूत सुभाष राणा को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों द्रोणाचार्य अवार्ड मिलने पर हार्दिक बधाई। सुभाष ने देश के पैरा खिलाड़ियों को तराशने में बहुत समर्पण के साथ शानदार काम किया है। विशेष रूप से साल 2020 में टोक्यो पैरालंपिक गेम्स में उनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने पांच पदक देश की झोली में डाले। उन्होंने इस सम्मान को हासिल करके उत्तराखंड के लोगों का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।*

***-रेखा आर्या, खेल मंत्री***

उपलब्धियां गिनाई, कांग्रेस पर साधा निशाना

# पिथौरागढ़ में सीएम धामी, भाजपा मेयर प्रत्याशी के पक्ष में मांगे वोट

पिथौरागढ़

हमारे संवाददाता

सीएम पुष्कर सिंह धामी शनिवार को पिथौरागढ़ पहुंचे। पिथौरागढ़ रामलीला मैदान में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा को संबोधित किया। सीएम धामी ने पिथौरागढ़ नगर निगम से भाजपा मेयर प्रत्याशी कल्पना देवलाल के समर्थन में जनता से वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को पिथौरागढ़ पहुंचे। पिथौरागढ़ रामलीला मैदान में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा को संबोधित किया। सीएम धामी ने पिथौरागढ़ नगर निगम से भाजपा मेयर प्रत्याशी कल्पना देवलाल के समर्थन में जनता से वोट की अपील की। इस दौरान सीएम ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इस दौरान सीएम ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड आज समग्र विकास की ओर अग्रसर है। पिथौरागढ़ से हवाई सेवा को सुदृढ़ करने के लिए प्राथमिकता से कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश, प्रदेश के साथ यदि निगमों में पार्टी की सरकार होगी तो विकास तेजी से होगा। योजनाओं को धरातल पर उतारने में तालमेल रहेगा। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आदि सुविधाओं में आधारभूत संरचना को तेज किया जा रहा है। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदि कैलाश दर्शन के बाद यहां पर्यटन तेजी से बढ़ा है। पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के लिए प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विपक्षी कांग्रेस पार्टी पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि वह तुष्टिकरण, वोट बैंक की राजनीति करती है। उन्होंने सीमांत की जनता से मंच से पार्टी के सभी निकायों में परचम फहराने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पिथौरागढ़ को नगर निगम बनाया है। अब इसे आधुनिक शहर बनाने के लिए कार्य करना होगा। निगम का विस्तार होने से विकास के लिए अधिक धन मिलेगा। कहा कि मेडिकल कालेज के लिए 700 करोड़ रुपया स्वीकृत किया गया है। तीन साल में यह आधुनिक सुविधाओं के साथ कार्य करना शुरू कर देगा। उन्होंने यहां की गई विकास की कई उपलब्धियों को भी गिनाया।




.... अल्मोड़ा में सीएम का ... पेज 4 पर

## सपा सांसद प्रिया सरोज बनेंगी क्रिकेटर रिंकू दुल्हन

वाराणसी

एजेंसी

क्रिकेटर रिंकू सिंह की दुल्हन मछलीशहर से सपा सांसद प्रिया सरोज बनेंगी। उनकी शादी संसद सत्र के बाद तय होगी। साथ ही लखनऊ से उनकी सगाई होगी।

क्रिकेटर रिंकू सिंह की शादी मछलीशहर से सपा सांसद प्रिया सरोज के साथ होगी। इसकी पुष्टि प्रिया के पिता और जौनपुर की केराकत विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक तूफानी सरोज ने की है। तूफानी सरोज ने बताया कि शादी के सिलसिले में रिंकू के पिता से बृहस्पतिवार अलीगढ़ में बात हुई है। सब कुछ फाइनल है। संसद सत्र के बाद सगाई और शादी की तारीख तय होगी। सगाई लखनऊ से होगी। जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से सपा सांसद प्रिया सरोज और क्रिकेटर रिंकू सिंह की सगाई की चर्चा शुक्रवार को खूब रही। सोशल मीडिया पर अलग-अलग बातें लिखी जा रही थीं। इस सिलसिले में सांसद के पिता तूफानी सरोज ने बताया कि दोनों की सगाई अभी नहीं हुई है। रिंकू के परिजनों से गत बृहस्पतिवार को अलीगढ़ में मुलाकात हुई थी। शादी पर सार्थक बातचीत हुई है। संसद का सत्र 30-31 जनवरी से शुरू हो रहा है, जो 13 फरवरी तक चलेगा। संसद सत्र के बाद सगाई और शादी की तारीख तय की जाएगी। रिंकू सिंह 22 जनवरी से टी-20 मैच खेलने इंग्लैंड जा रहे हैं। आईपीएल भी खेलेंगे। शाहरुख खान की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने उनके साथ 13 करोड़ में अनुबंध किया है। शादी और सगाई की तारीख तय करने में रिंकू की सुविधा का ख्याल रखा जाएगा।

देखा जाएगा कि उनके खेल पर किसी तरह का प्रभाव न पड़े। तूफानी सरोज ने बताया कि प्रिया की सहेली के पिता क्रिकेटर हैं। उनके जरिये ही रिंकू और प्रिया की जान-पहचान हुई थी। दोनों एक दूसरे को पहले से जानते हैं। दोनों का कहना था कि परिजनों की रजामंदी से शादी करेंगे। अब परिजनों के बीच भी सार्थक बातचीत हो गई है।



## रुद्रपुर में ट्रेन में चढ़ते समय रानीखेत निवासी फौजी की मौत

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**हादसा**

- **दिल्ली से बैठा था ट्रेन में, रुद्रपुर में पानी लेने के लिए उतरा और चढ़ती ट्रेन में चढ़ा और पैर फिसल गया**

यहां रेलवे स्टेशन पर दिल्ली से हल्द्वानी जा रहे एक फौजी की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना शुक्रवार की रात की। पुलिस के मुताबिक ग्राम सरना गार्डन रानीखेत निवासी 52 वर्षीय इसरार हुसैन पुत्र असगर हुसैन आर्मी में बारबर पद पर कार्यरत थे। बताया जाता है कि वह बीती रात दिल्ली से हल्द्वानी आने के लिए ट्रेन से रवाना हुए। ट्रेन जब यहां रात्रि करीब 11 बजे रेलवे स्टेशन पहुंची तो इसरार पानी लेने के लिए ट्रेन से उतरे। इसी दौरान ट्रेन ने चलना शुरू कर दिया। जल्दबाजी में जब इसरार ने ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की तो उनका पैर फिसल गया और वह ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मृतक के परिजनों को मामले से अवगत कराया। घटना की जानकारी मिलने पर सुबह उनके परिजन भी आ गये और उनमें कोहराम मच गया। बताया जाता है कि मृतक इसरार के दो बच्चे हैं जिनमें एक बेटा 22 वर्ष का व एक बेटी 23 वर्ष की है।

## महाकुंभ में संगम स्नान करना मेरा सौभाग्य: राजनाथ

प्रयागराज

एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद उन्होंने पूरे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोचारण के बीच मां गंगा की आरती की। उनके साथ राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी सहित तमाम नेता मौजूद रहे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद उन्होंने पूरे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोचारण के बीच मां गंगा की आरती की। उनके साथ राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी सहित तमाम नेता मौजूद रहे। बमरौली हवाई अड्डे पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुंसा नंदी ने उनकी आगवानी की। राजनाथ सिंह ने सबसे पहले गंगा, यमुना, सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान कर, सनातन की जय, गंगा मैय्या की जय का उद्घोष किया। उन्होंने संगम तट से अक्षयवट, पातालपुरी और बड़े हनुमान जी का दर्शन कर, महाकुंभ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रक्षा मंत्री शाम को सेना के अधिकारियों के साथ महाकुंभ की सुरक्षा व्यवस्था के लिए रवाना हो गए।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने मां गंगा के जल का आचमन कर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और राष्ट्र की मंगलकामना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि आज प्रयागराज, संगम में मैंने स्नान किया। यह भारतीयता का आध्यात्मिक व सांस्कृतिक महापर्व है। किसी पंथ, समुदाय या धर्म के साथ इसे जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। किसी को यदि भारत और भारतीयता को समझना है तो आकर महाकुंभ को देखिए।

रक्षा मंत्री अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बमरौली हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर से डीपीएस ग्राउंड नैनी पहुंचे। नैनी के अरैल घाट से जेटी के जरिए संगम पहुंच कर स्नान किया। संगम से वीआईपी घाट पर उतर कर अक्षयवट कॉरीडोर में प्रयागराज के छत्र अक्षयवट का दर्शन पूजन किया। इसके बाद रक्षा मंत्री ने पातालपुरी मंदिर और सरस्वती कूप का भी दर्शन किया। वहां से निकल कर बड़े हनुमान जी का दर्शन कर मंदिर में विशेष पूजन अर्चन किया।मंदिर के पुजारी जी का हाल चाल लिया और महाकुंभ के लिए की गई व्यवस्था के बारे में भी पूछा।

# यूपी के 32 जिलों में आज घना कोहरा

यूपी

एजेंसी

यूपी में बीते रोज तेज धूप खिली थी लेकिन शनिवार को 32 जिलों में घना कोहरा देखा गया। मौसम विभाग के अनुसार 21 जनवरी से मौसम फिर बदलेगा।

उत्तर प्रदेश में घने कोहरे और गलन भरी हवाओं के बाद शुक्रवार को ज्यादातर इलाकों में अच्छी धूप खिली। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अगले कुछ दिन मौसम ऐसा ही रहने वाला है। दिन के पारे में उछाल आएगा। हालांकि उत्तरी पछुआ हवाओं के असर से रात में गलन बरकरार रहेगी। कुल मिलाकर अगले तीन-चार दिन सर्द-गर्म मौसम रहने वाला है। शुक्रवार को सुबह घने कोहरे की वजह से प्रयागराज, आगरा आदि शहरों में दृश्यता प्रभावित रही। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि फिलहाल अगले तीन-चार दिन मौसम सुहाना रहने वाला है। दिन में धूप खिलेगी, रातें सर्द होंगी। सुबह-शाम मध्यम से घना कोहरा छाया रहेगा। 21 जनवरी से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में मौसम फिर से करवट लेगा। तब न्यूनतम तापमान के और नीचे जाने की संभावना है। देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाने की संभावना है।



**मौसम**

● 21 जनवरी से फिर बदलेगा मौसम

## NEWS / फटाफट

### चुनाव को लेकर संयुक्त मजिस्ट्रेट ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**नैनीताल ।** निकाय चुनाव को लेकर जिला प्रशासन तथा निर्वाचन के साथ पुलिस भी तैयारियों में जुट गई है जिसके चलते पुलिस ने संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल के साथ पुलिस ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शुक्रवार को पुलिस कप्तान प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देश पर पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त मजिस्ट्रेट के साथ नगर पालिका नैनीताल तथा भवाली व भीमताल के प्रस्तावित स्ट्रांग रूम व मतगणना कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान संयुक्त मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों ने बैरिकेडिंग व सुरक्षा प्रबंध जांचे। इस दौरान संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए।

### महिला ने पति की मौत के बाद फिनाइल गटका

**नैनीताल।** तल्लीताल क्षेत्र निवासी एक महिला ने पति की मौत के बाद फिनाइल गटक लिया। अस्पताल में इलाज के बाद महिला को भर्ती कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार तल्लीताल क्षेत्र में रहने वाली एक महिला को उसके पति के मौत की सूचना मिली। परिवार में एक मात्र पति का सहारा छूट जाने से क्षुब्ध महिला ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने के लिए जहरीला पदार्थ गटक लिया। जिसके बाद महिला की हालत बिगड़ गई। महिला की हालत बिगड़ने पर उसके अन्य परिजनों ने आनन फानन में उसको राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल पहुंचा दिया। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि महिला को उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती कर दिया है।

### दो एनेस्थेसियोलॉजिस्ट छः माह तक रहेंगे ड्यूटी पर

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में दो एनेस्थेसियोलॉजिस्ट के मातृत्व अवकाश पर जाने पर 6 माह के लिए व्यवस्था के तौर पर बागेश्वर जिला अस्पताल से एनेस्थेसियोलॉजिस्ट को बुलाया गया है जो 6 माह तक जिला अस्पताल में अपनी सेवा देंगे।

बता दें कि नैनीताल के जिला अस्पताल में तीन एनेस्थेसियोलॉजिस्ट के पद स्वीकृत हैं। जिसमें से एक एनेस्थेसियोलॉजिस्ट लंबे समय से अवकाश पर हैं वहीं दो एनेस्थेसियोलॉजिस्ट भी मातृत्व अवकाश पर हैं, जिनकी जगह जिला अस्पताल में व्यवस्था बनाने के लिए बागेश्वर जिला अस्पताल से एनेस्थेसियोलॉजिस्ट को बुलाया गया है। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि बागेश्वर जिला अस्पताल से एनेस्थेसियोलॉजिस्ट डॉ. लक्ष्मण सिंह मेहता ने 6 माह के लिए जिला अस्पताल में जिम्मेदारी ले ली है ताकि अस्पताल में होने वाले ऑपरेशन के लिए लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े वहीं बताया कि सोमवार (20 जनवरी) को अस्पताल में रेडियोलिस्ट भी पहुंच जाएंगे।

### नर्सिंग की छात्रा से की छेड़खानी, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**पीलीभीत।** पीलीभीत में नर्सिंग की छात्रा से छेड़खानी करने वाला आरोपी आईटीआई का शिक्षक निकला। पुलिस ने देर रात उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी थाने में लंगड़ाकर चलते दिखाई दिया। पीलीभीत में ई-रिक्शा पर नर्सिंग से छात्रा से छेड़खानी करने वाले आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार रात दबोच लिया। आरोपी आईटीआई पूरनपुर का शिक्षक निकला। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए शनिवार को आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। शुक्रवार दोपहर बरखेड़ा क्षेत्र की नर्सिंग अंतिम वर्ष की एक छात्रा प्रशिक्षण कार्य के लिए जिला अस्पताल आने के लिए घर से निकली थी। नौगवां चौराहा से जिला अस्पताल आने के लिए छात्रा ई-रिक्शा पर बैठी। इस दौरान रास्ते में ई-रिक्शा पर सवार एक युवक उससे छेड़खानी करने लगा। आरोपी ने जब हरकतों को बंद नहीं किया तो घबराकर छात्रा चलते ई-रिक्शा से कूद गई थी। इससे उसके मामूली चोटें आई। शोरशराबा होने पर भीड़ जमा हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के साथ आरोपी की धरपकड़ के प्रयास शुरू किए थे। एसपी के निर्देश पर पांच टीमें धरपकड़ में जुटी थी। देर रात आरोपी को पकड़ लिया था। आरोपी की पहचान पूरनपुर नगर के ब्लॉक रोड स्थित सतनाम सिंह के रूप में हुई। आरोपी आईटीआई पूरनपुर में शिक्षक है। एएसपी विक्रम दहिया ने बताया कि आरोपी को घटना के 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया है। शनिवार को कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।



# पालिकाध्यक्ष की प्रत्याशी जीवंती ने जनता से मतदान की अपील की

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी की नगर पालिकाध्यक्ष की प्रत्याशी जीवंती भट्ट ने शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नगर के मनकापुर,बंगाली कॉलोनी, पंत पार्क, बाजार तथा मॉल रोड आदि क्षेत्र में सैकड़ों समर्थकों के साथ संपर्क कर जनता से चुनाव में उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने की गुजारिश की। पार्टी प्रत्याशी जीवंती भट्ट के साथ मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट समेत अरविन्द सिंह पडियार,विक्रम सिंह रावत, नीतू जोशी, मोहित आर्या,सोनू साह, सुनीता रावत,ममता बधानी, दिनेश भट्ट, बच्ची चंद्रा, गौतम पांडे, दलीप कुमार, दया कुंवर, गणेश जोशी, अमिताभ साह, पंकज भट्ट, नीरज साह, दया किशन पोखरिया, मनोज कुमार, अरुण कुमार, हेमा भट्ट, संतोष कुमार, मंजू रौतेला, तेज सिंह नेगी, ऊषा भट्ट, विवेक साह, खजान सिंह डंगवाल, भारती साह, शैलेंद्र सिंह बर्गली,आशीष बजाज, सोनू साह, राधा पांडे खोलिया, सरोज आर्या, अर्चना साह, भूपेंद्र बिष्ट, रीना मेहरा, कलावती असवाल, प्रेमा अधिकारी, तारा बोरा, दीपिका बिनवाल, लाल सिंह बिष्ट, हेमलता पांडे, अमिता साह, मोहित लाल साह, नीमा, विनिता पांडे, मनोज कुमार,विक्रम राठौर, ललित ढैला, संतोष साह,भारती साह, मनोज साह जगाती,विकास जोशी, कमर खान तथा पवन बिष्ट आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नियमितीकरण को 196वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण आंदोलन शुक्रवार को 196वें दिन भी जारी रहा।

दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया वहीं पौधा रोपण के साथ पर्यटकों को जोड़ने वाले कार्यक्रम के तहत पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में ठहरे पर्यटकों डॉ. सुयोग रमेश लोहारे तथा डा. यतिन मल्होत्रा ने पौधारोपण आंदोलन को सहयोग करते हुए उल्का देवी मंदिर परिसर में पौधारोपण किया तथा कहा कि उन्होंने अपने जीवन में पहला ऐसा आंदोलन देखा जिसमें कर्मचारी व पर्यटक पौधों का रोपण करते हैं और शासन तक अपनी मांगों को पहुंचाते हैं। उन्होंने पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में पर्यावरण संरक्षण के तहत किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि पर्यावरण संरक्षण के तहत प्रकृति का संरक्षण करने वाले कर्मचारियों कीसमस्याओं का समाधान किया जाए। कार्यक्रम में हर सिंह, शेर सिंह, वेद प्रकाश, हंसी बिष्ट, राजेंद्र, नरेंद्र थापा, शोभा राम तथा नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अस्पताल के पीछे खाली कराई भूमि पर फिर दोबारा अतिक्रमण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल के पीछे बीते वर्ष खाली कराई गई भूमि पर चाहरदीवारी न होने के चलते लोग दोबारा अतिक्रमण करने लगे हैं। अतिक्रमण की सूचना पर जिला अस्पताल प्रबंधन की ओर से काम रोक कर कोतवाली में अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति की शिकायत भी की गई है।

बता दें कि वर्ष 2023 में हाईकोर्ट ने राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। प्रशासन व पुलिस की मौजूदगी में सितंबर 2023 में भूमि से अतिक्रमण हटा दिया गया था जिसके चलते अस्पताल को उसकी भूमि खाली रूप में मिल गई थी। खाली भूमि में रेजिडेंस भवन, ट्रांजिट हॉस्टिल व मेडिकल स्टोर व चाहरदीवारी बनाने के लिए जिला अस्पताल की ओर से शासन को प्रस्ताव भेजा था। लंबे समय के इंतजार के बाद शासन की ओर से प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए खाली भूमि में निर्माण व अस्पताल विस्तार के लिए 909. 84 लाख बजट जारी कर दिया था हालांकि विभाग की ओर से बरसात के बाद कार्यदायी संस्था उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड की ओर से खाली भूमि निर्माण कार्य शुरू करने की बात कही थी लेकिन अब तक खाली जमीन में कोई कार्य शुरू नहीं हो पाया जिसका फ़ायदा उठाकर अब लोग वहां निर्माण कार्य शुरू करने लगे हैं। अस्पताल के पीएमएस डा. टीके टम्टा ने बताया कि बीते दिनों शिकायत मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधन की टीम पालिका व प्रशासन की टीम के साथ मौके पर पहुंची थी। मौके पर होता कार्य टीम ने रुकवा दिया है जिसकी शिकायत प्रशासन स्तर पर भी कर दी है।

# कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में दी जानकारी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

माय भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं गृह मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से चल रहे छः दिवसीय कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत पांचवें दिन यानी शुक्रवार को 132 प्रतिभागियों को ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के निदेशक कर्नल ए. के. नायर द्वारा उनके जीवन में शिक्षा का क्या महत्व है और आगे जाकर हुए अपने जीवन में क्या करना चाहते हैं साथ ही उन्होंने भारतीय सेवा में किस प्रकार से अपनी सेवाएं दी जा सकती है और ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी किस प्रकार से उनकी सहायता कर सकती है के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

दूसरे सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व अधिकारी ने युवाओं से स्वयं आगे आकर किस प्रकार से समाज में देश में लोगों की स्वयं सहायता किस प्रकार से आगे जाकर करनी चाहिए समाज को मिलजुल कर किस प्रकार से आगे बढ़ाया जा सकता है अपने विचार रखें। कार्यक्रम में कश्मीर से आये 6 जिलों के युवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत दी। इस मौके पर नैनीताल नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी डॉल्वी तिवेतिया ने सभी आमंत्रित वक्ताओं का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में सहयोग कर रहे अविनाश कुमार सिंह, योगेश कुमार, दिवाकर भाटी एवं हर गोविंद सिंह मेहरा एवं लेखा एवं कार्यक्रम सहायक प्रवेश सिंह बजवाल, अजय सिंह तथा संजय आदि मौजूद रहे।



# अभिमत



## फिल्मों का प्रभाव

***एक तरफ फिल्मों का समाज और देश की उन्नति में अभूतपूर्व योगदान है, तो दूसरी तरफ तस्करी, नशा, दुष्कर्म, डकैती, हत्या, अपहरण, आतंकवाद जैसे विषयों पर फिल्म बनाकर अपराध व हिंसा को बढ़ावा दिया गया है। कुछ फिल्मों के माध्यम से जातिवाद की नफरत पैदा की गई है। समुदाय विशेष को उदारवादी साबित करने का प्रयास किया गया, जबकि उनकी पहचान कट्टरपंथ के तौर पर है। हिन्दी फिल्मों में पुलिस का मखौल बनाना तो आम बात है। अपराध रोकने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है।***

व्यक्ति के व्यवहार में बदलाव के लिए अनेक कारण जिम्मेदार होते हैं। व्यक्ति के आचरण से परिवार, समाज और देश की गतिविधियां प्रभावित होती हैं। फिल्म सिर्फ मनोरंजन का जरिया नहीं हैं, बल्कि समाज की तस्वीर बदलने की क्षमता रखती हैं। शोधकर्ताओं का निष्कर्ष है कि पिछले 50 साल में फिल्मों में अपशब्द, हिंसक, भड़काऊ और द्विअर्थी संवाद, हत्या, दुष्कर्म तथा अन्य अपराध के दृश्यों में बढ़ोतरी हुई है। युवाओं और बच्चों की मानसिकता फिल्मों से बदली है। बच्चे हिंसक और युवा अपराध की ओर बढ़े हैं। भारत समेत दुनिया के अन्य देशों की फिल्मों में आपराधिक घटनाओं को दर्शाया गया है। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि कई फिल्मों ने अपराध करने के नये तरीके सिखाये हैं। भारत में सिने जगत का गौरवशाली इतिहास रहा है। विविधता में एकता की मिसाल भारत के समाज में मिलती है। विभिन्न धर्मों के त्योहारों पर फिल्मों का निर्माण किया गया। धार्मिक भेदभाव से ऊपर उठकर हर धर्म के अनुयायियों ने फिल्मों को देखा और सीख ली। त्योहारों से संबंधित फिल्मी गीत लोकप्रिय हुए। दशकों बाद भी पुराने गीतों को 'ओल्ड इज गोल्ड' कहकर सराहा जाता है। पटकथा लेखकों ने सामाजिक कुरीतियों पर चोट करते हुए कहानी लिखी और समाज सुधार का प्रयास किया। संयुक्त परिवार के हर सदस्य के रिश्ते की मिठास और अटूट संबंध की भावना को हृदयस्पर्शी शब्दों के संवाद से अभिव्यक्त किया गया है। भारत में सालभर उत्सव, मेले और पर्व आयोजित होते रहते हैं। प्रकृति और ऋतु पर आधारित गीतों से पर्व मनाये जाते हैं। वर्षों पुरानी फिल्म के गीत को सुनकर याद ताजा हो जाती है। देशभक्ति की प्रेरणा देने वाली फिल्मों की भी कमी नहीं है। देश के लिए शहीद होने वालों को फिल्मों के माध्यम से सम्मान दिया गया है। एक तरफ फिल्मों का समाज और देश की उन्नति में अभूतपूर्व योगदान है, तो दूसरी तरफ तस्करी, नशा, दुष्कर्म, डकैती, हत्या, अपहरण, आतंकवाद जैसे विषयों पर फिल्म बनाकर अपराध व हिंसा को बढ़ावा दिया गया है। कुछ फिल्मों के माध्यम से जातिवाद की नफरत पैदा की गई है। समुदाय विशेष को उदारवादी साबित करने का प्रयास किया गया, जबकि उनकी पहचान कट्टरपंथ के तौर पर है। हिन्दी फिल्मों में पुलिस का मखौल बनाना तो आम बात है। अपराध रोकने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है। किशोर आयु के छात्र-छात्राओं में अपराध प्रवृत्ति की घटनाएं सामने आई हैं। बच्चों की हिंसक मानसिकता चिंता का विषय है।

# खेल की तैयारियां का किया निरीक्षण

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



सचिव समाज कल्याण व नोडल 38वें राष्ट्रीय खेल जनपद ऊधम सिंह नगर नीरज खैरवाल ने जिलाधिकारी व ईवेंट ऑर्गनाइजर के साथ स्पोर्ट्स स्टेडियम व 46वीं बटालियन पीएसी में ट्रैप शूटिंग प्रतियोगिता स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण दौरान उन्होंने बहुउद्देशीय हॉल में बालीवाल व हैंडबाल, वैलोड्रोम में साइक्लिंग की सभी व्यवस्थाएं 25 जनवरी तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने स्टेडियम के अन्दर व बाहर वॉल पेंटिंग के कार्य भी 25 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों की प्रतिदिन कार्ययोजना बनाते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए व जिलाधिकारी को कार्यप्रगति भी प्रतिदिन देने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारी खैरवाल ने 46वीं बटालियन ट्रैप शूटिंग का निरीक्षण करते हुए कार्यों में गति लाकर पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने शूटिंग स्थल पर शौचालय व दर्शक दीर्घा भी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने शूटिंग स्थल की दीवारों को भी खेल थीम पर पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जिन स्थलों पर राष्ट्रीय खेल आयोजित हो रहे हैं वहां उचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए व सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता रखी जाए।

उन्होंने जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में अधिकारियों व ईवेंट मैनेजमेंट कंपनियों के मैनेजर के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने खिलाड़ियों, कोच व तकनीकी स्टाफ के रहने व खाने की उचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि दैनिक मेनू प्रदर्शित करते हुए भोजन उपलब्ध कराया जाए। खिलाड़ियों को उचित व्यवस्था मिल सके। उन्होंने जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया को निर्देश दिए कि वे होटल व भोजन व्यवस्थाओं की जांच हेतु टीम गठित करेंगे। जो नियमित भोजन व होटल की जांच करेगी व अपनी रिपोर्ट देंगे। इस दौरान एसएसपी मणिकांत मिश्र, सीडीओ मनीष कुमार, निदेशक डेयरी व नोडल राष्ट्रीय खेल ऊधम सिंह नगर संजय कुमार, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, एडीएम पंकज उपाध्याय,एसडीएम मनीष बिष्ट, उपनिदेशक खेल रसिका सिद्दीकी, जिला खेल अधिकारी जानकी कार्की, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, ईवेंट मैनेजर मधुसूदन, सुशील, यश संपत आदि मौजूद थे।

## नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया

**नैनीताल ।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देश पर तल्लीताल पुलिस ने नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। रैली के दौरान पुलिस व नर्सिंग छात्राओं ने लोगों को नशे के दुष्परिणाम बताए। पुलिस कप्तान के निर्देश पर सीओ प्रमोद साह के नेतृत्व में शनिवार को तल्लीताल पुलिस ने नर्सिंग की छात्राओं के साथ क्षेत्र में नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान पुलिस व नर्सिंग छात्राओं ने लोगों को नशा छोडने् की अपील की। जिसके बाद नुक्कड़ नाटक दिखाकर लोगों को नशे से भविष्य में होने वाले दुष्परिणाम दिखाए। इस दौरान लोगों से नशे से सम्बंधित सवाल भी पूछे। वहीं पुलिस ने लोगों से नशे का कारोबार करने वालों की जानकारी पुलिस को देने की भी अपील की। वहीं टैक्सी वाहनों में जागरूकता के लिए पंपलेट भी चिपकाए। तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान के तहत शहर में बाइक रैलीए संवाद कार्यक्रम भी किये जायेंगे। इस दौरान एएसआई अंजुला जौन, सुनील कुमार तथा चीता कांस्टेबलए अमित गहलोत व मब्बू मियां मौजूद थे।

# उत्तराखंड से 16 खिलाड़ियों का द्वितीय जु-जित्सू यूथ एशियन चैम्पियनशिप भारतीय टीम के लिए हुआ चयन

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



द्वितीय जु-जित्सू यूथ एशियन चैम्पियनशिप के लिए भारतीय जु-जित्सू टीम का चयन कर लिया गया है। यह चयन जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल नोएडा में विगत दिनों आयोजित हुए नेशनल ट्रायल के आधार पर किए गए।

जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रेंशी विनय जोशी ने बताया कि ट्रायल में भारत देश के विभिन्न राज्यों के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर जु-जित्सू खेल के अलग अलग इवेंट्स जैसे ने-वाजा, फाइटिंग जु-जित्सू, डूओ-शो में अपना दमखम दिखाया। बैंकॉक, थाईलैंड जाने वाली भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। उन्होंने बताया कि भारतीय जु-जित्सू टीम में चयनित खिलाड़ी थाइलैंड, बैंकॉक में 12 से 16 फरवरी 2025 को होने वाली द्वितीय जु-जित्सू यूथ एशियन चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। इसमें भारतीय जु-जित्सू खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे। जो खिलाड़ी उक्त प्रतियोगिता में पदक एवं उच्च रैंक हासिल करेंगे, उन खिलाड़ियों को इसी वर्ष अक्टूबर माह में बहरीन में ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया द्वारा आयोजित होने वाले तृतीय यूथ एशियन गेम्स 2025 के लिए संभावित खिलाड़ियों के रूप में चयनित किया जाएगा। जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि इस ट्रायल में उत्तराखंड राज्य के विभिन्न जनपदों से 16 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें जनपद नैनीताल से कृष्णांजलि जोशी, रिद्धिमा नेगी, अविघ्न नेगी, चेतन बिष्ट, जनपद उधम सिंह नगर से सृष्टि वशिष्ट, सोनम, तनु, खुशबू जोशी, हरमनदीप दीप कौर, गुरप्रीत कौर, अनुष्का राणा, पार्थ सिंहा, रौनक शर्मा, जय लोहनी, जनपद देहरादून से नायसा थापा, चारवी बिष्ट सहित सभी ने विभिन्न स्पर्धाओं के लिए जु-जित्सू टीम में अपनी जगह सुनिश्चित की। बताया कि जु-जित्सू मूल रूप से जापान का खेल है, व ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया द्वारा जु-जित्सू को मुख्य खेलो के रूप मे मान्यता दी गई है, यह खेल एशियन गेम्स, एशियन बीच गेम्स, एशियन इंडोर एंड मार्शल आर्ट्स गेम्स, वर्ल्ड पुलिस गेम्स, वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स, वर्ल्ड कॉम्बैट गेम्स, यूथ एशियन गेम्स में स्थाई रूप से शामिल है और अंतराष्ट्रीय स्तर पर बहुत ही लोकप्रिय खेल है । इस मौके पर समस्त चयनित खिलाड़ियों को जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की अध्यक्षा रसिका सिद्दीकी, नैनीताल डीएसओ निर्मला पंत, डीएसओ जानकी कार्की, सतीश जोशी, पुनेश ठाकुर, भारत भूषण चुघ, देवेंद्र सिंह रावत, किशोर सिंह, जॉनी हिराम, शोभा तिग्गा समेत कई अनेकों खेल प्रेमी ने बधाई दी।

# फिल्मी दुनिया

## गेम चेंजर की पायरेटेड कॉपी टीवी पर दिखाने वाला आरोपी वाइजैग से गिरफ्तार



*राम चरण की फिल्म गेम चेंजर की पायरेटेड कॉपी लीक करने वाले आरोपी को वाइजैग से गिरफ्तार कर लिया गया है। रामचरण की फिल्म गेम चेंजर इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर अपना जादू चलाने में फीकी पड़ रही है। इस खस्ताहाल के बीच ही फिल्म की पायरेटेड कॉपी ऑनलाइन लीक हो गई है। इसमें 45 लोगों के शामिल होने के बात कही गई। गेम चेंजर की पायरेटेड कॉपी को अप्पाला राजू के एपी लोकल टीवी पर प्रसारित किया गया। इस कॉपी की लीक करने वाले एक आरोपी को वाइजैग से गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है। इस फिल्म में राम चरण ने फिल्ममेकर शंकर के साथ गेम चेंजर में काम किया है। फिल्म 10 जनवरी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई। फिल्म बॉक्स ऑफिस कुछ खास नहीं कर पाई है। फिल्म सिनेमाघरों में चल रही थी, इस बीच इसकी पायरेटेड कॉपी को टीवी पर प्रसारित कर दिया गया। फिल्म की टीम ने तुरंत इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए साइबर अपराध की शिकायत दर्ज की। आंध्र प्रदेश में अवैध रूप से पायरेटेड फिल्म संस्करण का प्रसारण किया। जिस पर निर्माता श्रीनिवास कुमार नायडू ने सोशल मीडिया पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि इस तरह की चीजें बहुत ही गलत है। उनके ट्वीट में लिखा है, यह गलत है। 4-5 दिन पहले रिलीज हुई एक फिल्म का लोकल केबल चैनलों और बसों पर प्रसारण होना गंभीर चिंता का विषय है। सिनेमा सिर्फ हीरो, निर्देशक या निर्माता के बारे में नहीं है। यह 3-4 साल की कड़ी मेहनत और हजारों लोगों के सपनों का परिणाम है।*

### ब्रॉडकास्ट के टीवी चैनल पर छापेमारी

*गेम चेंजर फिल्म की पायरेटेड कॉपी को जब ब्रॉडकास्ट किया गया। अप्पाला राजू के टीवी चैनल एपी लोकल टीवी पर छापेमारी की गई, जिसने गेम चेंजर के पायरेटेड संस्करण का प्रसारण किया। अधिकारियों ने सभी उपकरण जब्त कर लिए। यह करके ब्रॉडकास्ट ने कानून का उल्लंघन किया है।*

# लड़की को ढूंढने में की गई पुलिस कार्यवाही की रिपोर्ट दें: हाईकोर्ट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक लडक़ी के अचानक गायब हो जाने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद अवकाशकालीन न्यायधीश न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ ने एसएसपी देहरादून को लापता लड़की को ढूंढने में अब तक की गई पुलिस कार्यवाही की रिपोर्ट 23 जनवरी (गुरुवार) तक विस्तृत शपथपत्र के माध्यम से कोर्ट में पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई की तिथि 23 जनवरी (गुरुवार) नियत की है।

इस मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि लडक़ी को ढूंढने के सख्त आदेश पुलिस को दे दिए हैं लेकिन अभी तक उसे नहीं ढूंढा जा सका। जिस पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए एसएसपी देहरादून को कार्यवाही रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले के अनुसार बनखंडी ऋषिकेश निवासी सोनू राजभर ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि उसकी बहिन सुनैना 27 अक्टूबर 2024 को अचानक गायब हो गयी थी जिसकी शिकायत ऋषिकेश थाने में की लेकिन ऋषिकेश पुलिस ने उनसे कहा कि लापता लडकी बालिग है इसलिए उसे खुद ढूंढ लो। परिजनों ने उसे ढूंढने की काफी कोशिश की लेकिन वह नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने एसएसपी देहरादून को इसकी शिकायत की। जिसके बाद गायब लडकी की गुमशुदगी 29 नवम्बर 2024 को दर्ज हुई लेकिन अभी तक उसे ढूंढने में पुलिस नाकाम रही है। याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि एसएसपी देहरादून को आदेश दिया जाय कि उसकी बहन की शीघ्र खोजबीन की जाए। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया कि उसकी बहन के साथ पड़ोस में रहने वाला एक युवक अक्सर छेड़ता था जिसकी शिकायत उसने परिजनों से की इससे वह काफी परेशान थी।

# News कॉर्नर

## शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर ठगे 5.50 लाख

**रुड़की।** साइबर ठगों ने देवलोक कॉलोनी के रहने वाले पूर्व सैनिक राजवीर सिंह राणा से 5.50 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने शेयर बाजार में निवेश कराने का झांसा दिया था। राणा ने पुलिस को बताया कि उन्हें कुछ दिन पहले एक अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा। इस पर रोजाना कुछ शेयर को खरीदने और फिर बेचने के टिप्स दिए जाते थे। वहीं पर उनका एक खाता भी खुलवाया गया। इस पर दिए गए बैंक खाते में उनसे रकम जमा कराने को कहा गया। उन्होंने पैसे जमा कर दिए। उन्होंने ठगों के बताए जो शेयर खरीदे उनमें अच्छा खासा लाभ दर्शाया जाता था। इसका उन्हें स्क्रीन शॉट भी भेजा जाता था। इसके बाद राणा ने शेयर खरीदने के लिए 5.50 लाख रुपये जमा किए। इसका उन्हें करीब आठ लाख रुपये लाभ भी दिखाया गया। गत दो जनवरी को जब उन्होंने इस लाभ को निकालना चाहा तो उनसे तीन लाख रुपये और जमा कराने को कहा गया। यह रकम उन्होंने रिस्क मैनेजमेंट के लिए बताई। इसके बाद राणा को शक हुआ कि उनके साथ ठगी की जा रही है। एसएचओ पटेलनगर कमल कुमार लुंठी ने बताया कि राणा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## 15 हजार रुपये का इनामी लूटेरा गिरफ्तार

**देहरादून।** एसटीएफ ने 15 हजार रुपये के इनामी लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी करीब छह माह से महिला से चेन लूटने के बाद फरार चल रहा था। उसके खिलाफ हरिद्वार के कनखल में लूट के तीन मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने बताया कि डोईवाला के शिवा कॉलोनी में 25 जुलाई को एक महिला की चेन लूटी गई थी। महिला शाम के वक्त अपनी पोती को ट्यूशन से लेकर अपने घर जा रही थी। जब वह अपने घर के पास पहुंचीं तो पीछे से आए मोटरसाइकिल पर दो बदमाशों ने उनके गले से चेन झपट ली।

# अंकित हत्याकांड का खुलासा, एक नाबालिग समेत मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

ट्रांजिट कैंप में फैक्ट्री कर्मी अंकित की हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पुलिस एक नाबालिग समेत मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हत्यारोपित ने महिला मित्र को लेकर हुए विवाद के बाद अंकित की हत्या की योजना बनाई थी।पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया। जहां से किशोर को बाल सुधार गृह और मुख्य हत्यारोपित को जेल भेज दिया गया है।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि ग्राम काशीपुर बफरी बुजुर्ग थाना शाही बरेली और हाल ट्रांजिट कैंप फुलसुंगा निवासी फैक्ट्री कर्मी अंकित पुरी पुत्र नरेश पुरी की 13 जनवरी की



शाम को वन शक्ति मंदिर के पास खून से लथपथ लाश मिली थी। यह देख मौके पर एकत्र लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया था, साथ ही जांच में पता चला कि अंकित के साथ बाईक में एक युवक बैठा हुआ था। जिसने उस पर चाकू से वार कर हत्या की है। मामले में पुलिस ने अज्ञात पर हत्या की प्राथमिकी पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो अहम सुराग मिले। जिसके बाद पुलिस ने जांच आगे बढ़ाते हुए संदिग्धों से पूछताछ की तो पता चला कि हत्या ग्राम सकरस पोस्ट जसाई नागर बहेड़ी बरेली और हाल श्मशान घाट रोड वार्ड नंबर सात ट्रांजिट कैंप निवासी पवन कुमार पुत्र पूरन लाल और एक किशोर ने मिलकर की है। हत्या की वजह पवन का किसी महिला मित्र को लेकर अंकित पुरी से विवाद चल रहा था। अंकित को रास्ते से हटाने के लिए पवन ने एक योजना तैयार कर किशोर को अपने साथ कर लिया था। वह अंकित के कम्पनी में आने जाने के रास्ते की रेकी करने लगे। घटना से 10 दिन पहले भी पवन अंकित को मारने का प्रयास कर चुका था, लेकिन अंकित के साथ एक युवक होने से वह अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाया। 13 जनवरी को योजना के अनुसार किशोर चौराहे के पास से अंकित की बाईक पर बैठ गया। जिसके बाद वन शक्ति मन्दिर से हनुमान ढाल को जाने वाले रास्ते में सुनसान जगह पाकर किशोर ने अंकित से कहकर बाईक रूकवा ली। इसी बीच पीछे से पीछा करते हुए आ रहे पवन ने मौका पाकर किशोर की मदद से अंकित पर धारदार चाकू से वार कर हत्या कर दी। बाद से दोनों फरार हो गए थे। एसएसपी ने बताया कि गुरुवार को हत्या में शामिल किशोर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया था। जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। जबकि मुख्य हत्यारोपित पवन को भी पुलिस ने शुक्रवार शाम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बाईक मोदी मैदान से बरामद की। टीम में प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे,एसआई प्रदीप पंत,एसआई गणेश पांडे, कांस्टेबल भूपेंद्र जीना समेत एसओजी शामिल रहे।

# सिडकुल पुलिस ने बाइक सवार मोबाइल लुटेरे दबोचे

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

थाना पंतनगर क्षेत्र कलेक्ट्रेट परिसर में इवनिंग वॉक पर निकले राज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर से हाथापाई कर मोबाइल लूटने वाले लुटेरे पुलिस के हत्थे चढ़ गये। पुलिस ने लूटा मोबाइल और घटना में प्रयुक्त बाईक भी बरामद कर ली। राज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर मेट्रोपोलिस निवासी रजनीश यश्वस्थी पुत्र सविदानंद यश्वस्ती ने पुलिस को तहरीर दी कि वह राज्य कर विभाग में डिप्टी कमिश्नर के पद पर तैनात है। बीते 13 जनवरी को वह कलेक्ट्रेट परिसर के पास इवनिंग वॉक कर रहे थे। इस दौरान वह आलिव ग्रीन रेस्टोरेंट के पास पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस बीच अचानक एक बाईक पर सवार दो बदमाश आये और उनका मोबाइल पर झपट्टा मारकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए




**कार्रवाई**

- मोबाइल समेत घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद

एसएसपी ने पुलिस टीम का गठन किया। इसके बाद टीम ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे और संदिग्धों से पुछताछ शुरू कर दी। सिडकुल पुलिस ने सिडकुल क्षेत्र में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया और पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम ट्रांजिट कैंप निवासी यश सिंह पुत्र धीरज सिंह और राजपाल पुत्र कृष्णपाल बताया। पुलिस की सख्ती के बाद दोनों ने डिप्टी कमिश्नर से लूटा गया मोबाइल की घटना को कबूल किया। चौकी प्रभारी ने बताया कि दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने झपट्टा गया मोबाईल और घटना में प्रयुक्त बाईक बरामद की। पुलिस आरोपियों का अपराधिक इतिहास खंगाल रही है। टीम में चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार के अलावा एएसआई सतीश बाबू, कांस्टेबल पंकज पोखरियाल,नितिन कुमार आदि शामिल रहे।

# इंग्लैंड में वर्क वीजा दिलाने के नाम पर 7लाख 10 हजार की धोखाधड़ी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

थाना पंतनगर पुलिस ने इंग्लैंड में वर्क वीजा दिलाने के नाम पर नानकमत्ता निवासी युवक से सात लाख 10 हजार की ठगी कर ली गई। एसएसपी के आदेश के बाद पंतनगर थाना पुलिस ने प्राथमिकी पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

लंबाखेड़ा नानकमत्ता निवासी परमजीत सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह ने एसएसपी कार्यालय में सौंपे शिकायती पत्र में कहा था कि उसकी ग्राम सुनपहर खटीमा और हाल ओमेक्स रुद्रपुर निवासी सुखदीप सिंह से जान पहचान थी। सुखदीप सिंह ने उसे बताया था कि वह भारत से लोगों को पढ़ने व कार्य करने के लिए बीजा दिलवाता है। उसे विश्वास दिलाया कि वह उसे इंग्लैंड का वर्किंग वीजा 13 लाख में दिला देगा। बताया कि वह उस पर विश्वास कर वह इंग्लैंड जाने के लिए तैयार हो गया। इसके लिए पहले उसने सुखदीप सिंह के कहने पर अपने नाम पर एक खाता खुलवाया। खाते में इंग्लैंड

**आरोप**

- पीड़ित की तहरीर पर पंतनगर पुलिस ने दर्ज किया आरोपी के खिलाफ मुकदमा
- आरोपी पर हत्या की धमकी का भी आरोप

भेजने के लिए दी जाने वाली रकम उसी खाते में जमा करने को कहा। इस पर उसने एक्सिस बैंक में एक बचत खाता खुलवाया और खाते में जो मोबाइल नंबर लिंक था, उसे भी सुखदीप सिंह ने अपने पास रख लिया। बाद में उसने अलग अलग तिथियों में सात लाख 10 हजार रुपये जमा किए। जिसे उसने खाते से निकाल लिए। काफी समय बीतने के बाद भी उसका वीजा नहीं बना। जब उसने उसे काल किया तो वह धमकाने लगा। साथ ही हत्या करने की धमकी देने लगा। परमजीत सिंह ने एसएसपी मणिकांत मिश्रा से आरोपित पर कार्रवाई की मांग की थी। मामले में पंतनगर थाना पुलिस ने प्राथमिकी पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# अल्मोड़ा में सीएम का रोड शो सरकार की उपलब्धियां गिनाई

**अल्मोड़ा**

**हमारे संवाददाता**

सीएम पुष्कर सिंह धामी शनिवार को अल्मोड़ा पहुंचे। सीएम ने यहां ऐतिहासिक रैमजे पब्लिक स्कूल के परिसर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और भाजपा प्रत्याशी अजय वर्मा के लिए वोट मांगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को अल्मोड़ा पहुंचे। सीएम ने यहां ऐतिहासिक रैमजे पब्लिक स्कूल के परिसर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और भाजपा प्रत्याशी अजय वर्मा के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने अल्मोड़ा का समग्र विकास करने के लिए अल्मोड़ा को नगर निगम का दर्जा दिया है। अब यहां का विकास तेज गति से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राष्ट्र विरोधी राजनीति करती है जबकि भाजपा राष्ट्रवादी सोच वाली पार्टी है। इसलिए अल्मोड़ा में भी भाजपा प्रत्याशी की जीत बेहद जरूरी है।

जनसभा को केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा, चुनाव प्रभारी प्रदीप बिष्ट समेत अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर छात्र संगठन टाइगर ग्रुप के अध्यक्ष आशीष जोशी ने अपने 120 साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभा का संचालन ललित दौशाद और धर्मेंद्र बिष्ट ने संयुक्त रूप से किया।



# निकाय चुनाव हेतु 23 जनवरी को अवकाश

**नैनीताल ।** आगामी 23 जनवरी (गुरुवार) को नगर निकाय चुनाव हेतु मतदान की तिथि को देखते हुए हाईकोर्ट में 23 जनवरी (गुरुवार) को अवकाश रहेगा। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल की ओर से जारी सूचना में बताया गया है कि 23 जनवरी (गुरुवार) के लिये सूचीबद्ध वादों की सुनवाई अब 22 जनवरी (बुधवार) को और 21 जनवरी (मंगलवार) के लिये सूचीबद्ध वादों की सुनवाई 20 जनवरी (सोमवार) को होगी।

# नामांकन को रद्द करने के आदेश पर रोक, नामांकन बहाल

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने मंगलौर नगर पालिकाध्यक्ष पद पर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी मो.इस्लाम के नामांकन को रद्द करने के निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर रोक लगाते हुए उनके नामांकन को बहाल कर दिया है। हाईकोर्ट ने निर्वाचन आयोग से याची का नाम मतपत्र में शामिल करने के निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना में यदि याची को सर्वाधिक मत प्राप्त होते हैं तो उस पर निर्णय कोर्ट के आदेश के अधीन होगा । मंगलौर से कांग्रेस प्रत्याशी मो. इस्लाम द्वारा नजूल भूमि में अतिक्रमण करने के आरोप में उनका नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी ने खारिज कर दिया था जबकि इस्लाम का कहना है कि उन्हें इस मामले में अपना पक्ष रखने का समय नहीं दिया गया। उन्होंने निर्वाचन अधिकारी के आदेश को हाईकोर्ट की एकलपीठ में चुनौती दी थी जिसे एकलपीठ ने 7 जनवरी (मंगलवार) को खारिज कर दिया था जिसके खिलाफ उन्होंने खंडपीठ के समक्ष अपील की। इस मामले की सुनवाई के लिये न्यायमूर्ति आशीष नैथानी विशेष बैंच गठित हुई थी। मामले में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद व अधिवक्ता सिद्धार्थ साह ने पैरवी की।

इस मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने माना कि निर्वाचन अधिकारी के फैसले से याची के अधिकारों का हनन हुआ है । इस आधार पर उनके नामांकन खारिज करने के रिटर्निंग अधिकारी के आदेश पर रोक लगा दी है और उनका नाम मतपत्र में शामिल करने के निर्देश दिए हैं।

# सीएम के खिलाफ आक्रोश देख सीएम के बचाव में उतरे पूर्व विधायक ठुकराल

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

गुरुवार को रुद्रपुर में भाजपा मेयर प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो करने पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी के स्व बंटी कोली के घर पर न जाने को लेकर उठे राजनीति पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल बचाव में उतर आए। पूर्व विधायक ठुकराल न केवल बचाव में आए बल्कि सीएम धामी की जमकर तारीफ भी की।

उन्होंने विपक्ष को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने विपक्ष को बंटी कोली के परिवार पर राजनीति न करने की चेतावनी दी। बता दें कि गुरुवार दोपहर सीएम धामी रुद्रपुर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो किया। इसी बीच सीएम के रम्पुरा में स्व बंटी कोली के घर आने की खबर रम्पुरा में घूमने लगीं। जब सीएम देहरादून चले गए तो रम्पुरा में सीएम पर बंटी कोली परिवार



का अपमान बताते हुए नाराजगी जताई। बताया जाता है कि इस दौरान वहां पर सीएम के खिलाफ नारेबाजी भी हुई। कांग्रेस के किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ समेत अन्य कांग्रेसी पहुंच गए। उन्होंने भी सीएम के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। बताया जा रहा है कि इसी बीच पूर्व विधायक ठुकराल सीएम के बचाव में उतर आए और उन्होंने सीएम से बातचीत कर बंटी कोली के भाईयों से बात कराई। ठुकराल ने सीएम का बचाव ही बल्कि सरकार की उपलब्धि भी गिनाई। ठुकराल ने कहा कि सीएम को देहरादून जाना था, इसी लिए वह चले गए। उन्होंने आश्वासन दिया है जब भी रुद्रपुर आएंगे तो वह बंटी कोली के परिवार से मिलूंगा। पूर्व विधायक ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया और कहा कि किसी को भी बंटी कोली के परिवार पर राजनीति करने का अधिकार नहीं है। उनका परिवार में, वह खुद उस परिवार के साथ खड़े हैं और खड़े रहेंगे। किसी को बंटी के परिवार पर ज्यादा हमदर्दी दिखाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने पूर्व सीएम रावत पर भी कटाक्ष किया, उन्हें अब याद आ रही है बंटी कोली की, उसके दाह-संस्कार में आते या श्रद्धांजलि सभा में आते। पूर्व विधायक ने कहा कि अब कोई राजनीति नहीं करेगा। पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व विधायक के साथ बंटी कोली के दोनों भी मौजूद रहे, लेकिन दोनों भाइयों ने कुछ नहीं बोला। अब देखना यह होगा विपक्ष को इस विरोध का फायदा होगा या नहीं, चुनाव के बाद ही पता चलेगा।